दिनांक : 31.03.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

मुख्यमंत्री महेश्वर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज महेश्वर में आयोजित राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्यगाथा विषय पर नाट्य मंचन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

ईद–उल–फितर

ईद उल फित्र आज देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह पर्व रमजान महीने के समापन को दर्शाता है। नमाज़ियों ने ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में नमाज अता कर एक–दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। लोग अपने रिश्तेदारों और परिजनों से मिल रहे हैं और एक–दूसरे को मिठाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं। भोपाल,कटनी,नीमच,सतना,पन्ना सहित राज्य के सभी जिलों से ईद उल फित्र उल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

"स्कूल चलें हम"

प्रदेश के सभी विद्यालयों में 1 से 4 अप्रैल तक राज्य स्तरीय विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान स्कूल चलें हम अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। 1 अप्रेल को जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम होगा। इस दौरान विद्यार्थियों को पाठ्य–पुस्तकें वितरित की जायेंगी। 2 अप्रेल को समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्व,प्रबुद्व और सम्मानित व्यक्तियों की एक प्रेरक की भूमिका में विद्याथियों से भेंट होगी। 3 अप्रेल को सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में मुंबई इंडियंस आज शाम साढे सात बजे वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ मुकाबला करेगी। मेजबान मुंबई अभी भी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है, उसे अपने पिछले मैचों में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा है।

मौसम

अप्रैल के शुरुआती तीन दिनों में मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश में ओले–बारिश और आंधी का मजबूत सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिसका असर प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों पर पड़ेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण प्रणाली सक्रिय होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में ट्रफ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा।

अबकी बार अप्रैल की शुरुआत तेज गर्मी की बजाय ओले, बारिश, गरज–चमक और आंधी के साथ हो रही है। कहीं–कहीं आंधी की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। प्रदेश में एक अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। हरदा, खरगोन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में तेज आंधी और गरज–चमक की स्थिति रहेगी। दो अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, अनूपपुर, डिंडोरी और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं, तीन अप्रैल को बैतूल में ओले गिर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी सर्किल जेल में कल शांतिकुंज हरिद्वार की स्थानीय इकाई द्वारा जेल अधिकारियों, कर्मचारियों, बंदियों ने सामूहिक रूप से 05 कुण्डीय गायत्री यज्ञ आयोजित कर , नव वर्ष तथा गुडी पडवा का पर्व बड़े उत्सव के साथ मनाया ।
- भोपाल स्थित मानस भवन में 10 से 12 अप्रैल तक श्री हनुमान जयन्ती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रसिद्ध रामकथा मर्मज्ञ पंडित श्यामजी मनावत का हनुमत कथा पर त्रिदिवसीय प्रवचन होगें।
- शिवपुरी जिले में शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। यह पुस्तक मेला 30 मार्च से प्रारंभ हुआ है और 5 अप्रैल तक आयोजित होगा।
- खरगोन जिले के खंडवा बड़ौदा नेशनल हाइवे पर रविवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर में दो लोंगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

नमस्कार

.....................